# राजकीय महाविद्यालय, नारनौल

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2023-24





प्राचार्य

**डॉ. पूर्ण प्रभा (एच.ई.एस.-I)**

# महाविद्यालय का अद्यतन इतिहास

महोदय, इस महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। सन् 1954 में मात्र 54 विद्यार्थियों से प्रारम्भ हुए इस महाविद्यालय के वर्तमान शिक्षा–सत्र में कुल 3355 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया हैं। 70 वर्ष पुरानी यह संस्था हरियाणा राज्य की अग्रणी व प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। सत्र 2004–05 में इस संस्था ने अपनी स्थापना की स्वर्ण जयन्ती मनाई थी और इसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद्, बंगलौर (NAAC) द्वारा सत्र 2016–2017 में (B+) श्रेणी से अलंकृत किया गया है जो हमारे लिये गौरव की बात है। पूरे हरियाणा में अभी तक यही एकमात्र ऐसी संस्था है, जहां भूगर्भशास्त्र में स्नातकोत्तर स्तर तक पढ़ाने का प्रबन्ध है। यहां कला, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में अध्ययन की व्यवस्था है। आज हमारे महाविद्यालय में अंग्रेजी, भूगोल, भूगर्भशास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, बॉटनी, जूलोजी, कॉमर्स, हिन्दी, कम्प्यूटर विज्ञान, पी.जी.डी.सी.ए., संस्कृत व राजनीति शास्त्र (तेरह विषयों) में स्नातकोत्तर कक्षाएं चल रही हैं। बी०बी०ए०, बी०सी०ए० तथा बी०एस०सी० कम्प्यूटर साईन्स जैसे रोजगार सृजन कोर्स यहाँ पढाये जाते हैं। इस महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित करते हुए अनेक राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर के राजनेता, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वकील, वैज्ञानिक, आई०ए०एस०, आई०पी०एस०, आई०एफ0एस०, एच०सी०एस०. आई०आर०एस०, उच्च सैन्य अधिकारी, एम०बी०ए०, चार्टड एकाउन्टेन्ट व बडे व्यवसायी आदि दिये हैं जो इस वक्त पूरे विश्व में निर्माणात्मक और उपयोगी सेवा में कार्यरत्त हैं।

महोदय, इस महाविद्यालय का परिसर लगभग 25 एकड़ में फैला हुआ है जिसमें सब सुविधाओं से सुसज्जित बड़े–बड़े खेल के मैदान, प्रयोगशालायें व हरे–भरे लॉन हैं। इस महाविद्यालय में दो तल का एक पुस्तकालय है। इसमें एक सुसज्जित वाचनालय है जिसमें विभिन्न पत्र–पत्रिकायें नवीनतम जानकारी लिए हुए प्रतिदिन विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करती हैं। महाविद्यालय में 'कल्पना चावला'

चावला' एवमं 'सरस्वती समागार' हैं जों आधुनिकतम सुविधाओं से सुसज्जित हैं जिसमें महाविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किये जाते हैं। महाविद्यालय में एक मल्टीपरपज हॉल (स्वामी विवेकानन्द समागार) है, जिसमे जिला स्तरीय व महाविद्यालय के बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिनका लाभ महाविद्यालय को मिल रहा हैं।

महाविद्यालय प्रांगण को बागवानी विभाग हरियाणा द्वारा विकसित किया गया हैं परिणामस्वरूप महाविद्यालय के सौंदर्यकरण में अभिवृद्धि हुई है। महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर रोटरी क्लब नारनौल द्वारा 'जल कुटीर' का निर्माण करवाया गया है। महाविद्यालय में पार्किंग स्टैंड़ से शिक्षण महाविद्यालय तक सीसी सड़क का निर्माण पी.डब्ल्यु.डी. नारनौल के सहयोग से करवाया गया। महाविद्यालय प्रांगण में मंच का निर्माण व महाविद्यालय की चार दिवारी का कार्य पी.डब्ल्यु.डी. नारनौल द्वारा किया जा रहा है जो लगभग सम्पूर्णता के स्तर पर है।

## महाविद्यालय परिवार

महोदय, हमारे महाविद्यालय परिवार के कुल सदस्यों की संख्या 98 है। इस महाविद्यालय में 25 नियमित प्राध्यापक, 58 विस्तार व्याख्याता, 2 लिपिक, 07 प्रयोगशाला सहायक व 06 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।

संस्था में प्राध्यापकों के स्वीकृत 143 पदों में से 118 पद तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के 70 स्वीकृत पदों में से 55 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। हम इन रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्तियों की आशा करते हैं ताकि विद्यार्थियों के अध्ययन की समुचित व्यवस्था की जा सके।

## प्राध्यापक–वृन्द की उपलब्धियां

महोदय, इस महाविद्यालय के प्राध्यापक न केवल शिक्षण–कार्य के प्रति समर्पित भाव से कार्यरत हैं बल्कि स्वयं भी स्वाध्याय और शोध कार्य में संलग्न रहते हैं।

डॉ0 पूर्ण प्रभा, डॉ0 हवा सिंह एवं डॉ0 नरेश कुमार को प्रोफेसर पद के लिए अनुमोदित किया गया ।

डॉ0 नरेश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर अंग्रेजी

1 इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा UG और PG स्तर पर बोर्ड ऑफ स्टडीज का मेम्बर बनाया गया ।

2 अमेरिकन सहित्य विषय पर PG विद्यार्थीयों के लिए पुस्तक प्रकाशित हुई।

डॉ चन्द्र मोहन, एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल

1. इन्दिरा गाँधी विश्वविद्यालय द्वारा UG और PG स्तर पर बोर्ड ऑफ स्टडीज का मेम्बर बनाया गया ।

2. इंटर नेशनल पियर रफैर्ड जरनल में दो रिसर्च पेपर छपवाए ।

3. Research Methdology case and concepts और Envirnment & Sustainable Development नामक 2 पुस्तके छपवाई इसके अलावा कई अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सेमिनारों में हिस्सा लिया ओर अपने रिसर्च पेपर पढ़े।

4. GB Pant University of Agriculture and Tecnology, Pant Nager से डिप्लोमा इन Indian Monsoon Weather forecasting and Agromet Advisory Services में किया।

5. इन्होनें 1 ओरियन्टेशन कोर्स ओर 4 ट्रेंनिग कोर्स राष्ट्रीय स्तर की संस्थानो से किया।

डॉ0 सतीश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस

1. फरवरी 19–23, 2024 तक अस्ताना आई0टी0 यूनिवर्सिटी अस्ताना, कजाकिस्तान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एफ0डी0पी0 (ऑनलाईन) कार्यक्रम में भाग लिया।
2. उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वाधान में महाविद्यालय में दिनांक 30 जनवरी, 2024 को जिला स्तरीय 1 दिवसीय Data Capture Format AISHE विषय पर कार्यशाला का आयोजन डॉ0 सतीश कुमार, एसोसिएट

प्रोफेसर कंप्यूटर साइंस के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया जिसमें जिला महेन्द्रगढ़ के लगभग 60 उच्चतर शिक्षण संस्थानों ने भाग लिया ।

डॉ0 पलक, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान

कंप्यूटर विज्ञान की सहायक प्रोफेसर डॉ पलक ने डेटा साइंस में 3 एफडीपी में भाग लिया, एनईपी 2020 अल्पकालिक प्रशिक्षण पूरा किया अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत किऐ। उन्होंने अंतराष्ट्रीय संपादित पुस्तकों में पुस्तक अध्याय में भी योगदान दिया और अंतर्राष्ट्रीय कंप्यूटर विज्ञान जर्नल में लेख प्रकाशित किया। इन्हें राष्ट्रीय सेमिनार में सत्र अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित किया गया।

डॉ सुभाष चन्द्र सहायक प्रोफेसर भूगोल

राज ऋषि भरत हरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर द्वारा भूगोल विषय में "महेन्द्रगढ में सिंचाई विकास और फसलों की उत्पादकता व भूमि उपयोग " शीर्षक पर पीएच.डी.की उपाधि से अलंकृत किया गया।

डॉ0 अनीश यादव, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य

राजकीय महाविद्यालय अजमेर द्वारा आयोजित दिंनाक 3–4 अक्टुबर, 2023 को राष्ट्रिय संगोष्ठी में सत्र की अध्यक्षता की।

डॉ0 विजयदीप गौड़ व श्री प्रवीण गोरया ने गुरू जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एफ0डी0पी0 (ऑनलाईन) कार्यक्रम में दिनांक 18–23 मार्च 2024 तक भाग लिया।

## शैक्षणिक उपलब्धियां

यह हर्ष का विषय है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के वार्षिक परीक्षा–परिणाम विश्वविद्यालय में बहुत अच्छे रहे हैं।

महोदय, बड़ी प्रसन्नता की बात है कि हमारे महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं क्रमशः

- ललीता पुत्री राजकुमार, सानिया पुत्री श्री राकेश कुमार एम.एस.सी. भूगर्भ शास्त्र
- रुपा पुत्री गजेन्द्र, अक्षय पुत्र श्री देवेन्द्र एम.एस.सी. प्राणी शास्त्र
- स्नेहा पुत्री श्री मनोज कुमार, ज्योति पुत्री श्री चरण सिंह एम.एस.सी. भूगोल
- लक्ष्मी मित्तल पुत्री श्री कैलाश चन्द मित्तल एम, कॉम
- कोमल बंसल पुत्री श्री गूगन बंसल एम.ए. इंग्लिश
- नवीन पुत्र श्री नरेश कुमार एम. ए. हिन्दी, आरती बाई पुत्री श्री हेमंत, मितेश कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार, आशा पुत्री श्री महावीर पी.जी.डी.सी.ए ने विश्वविद्यालय में मैरिट सूची में स्थान पा कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
- हैप्पी पुत्र श्री सुरेश कुमार, रोहित पुत्र श्री बिरेन्द्र एम.एस.सी कम्प्यूटर साईस
- मुस्कान गोयल पुत्री श्री राज कुमार गोयल एम.एस.सी. गणित
- मंजू पुत्री श्री सत्यनारायण, सपना पुत्री श्री रमेश कुमार एम. ए. हिन्दी
- रक्षा पुत्री श्री मनीष, महिमा यादव पुत्री श्री राजवीर यादव एम. एस. सी जूलॉजी
- रितिक पुत्र श्री अजय कुमार, सुमित कुमार पुत्र श्री भोपाल सिंह एम. एस. सी भूगर्भ शास्त्र।

उपरोक्त छात्रों ने विश्वविद्यालय की द्वितीय सैमेस्टर की मैरिट सूची में स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

- मोनिका (भूगर्भ शास्त्र, AIR-52), राघव पुत्र श्री आनंद प्रकाश (अंग्रेजी), लक्ष्मी मित्तल (एम.कॉम. अंतिम वर्ष), अंकित यादव (एम.कॉम. प्रथम वर्ष),

राहुल लाम्बा (एम.कॉम. प्रथम वर्ष) पूनम (एम.एस.सी. भूगोल) ने दिसम्बर 2023 में आयोजित NET परीक्षा पास की।

- कोमल वर्मा बी.एस.सी. भूगर्भ शास्त्र का चयन सहायक Geologist पद पर खनन विभाग हरियाणा में हुआ।
- आशीष कुमार एम.एस.सी. प्रथम वर्ष भूगर्भ शास्त्र व छात्रा देविका एम.एस.सी. भूगर्भ शास्त्र अंतिम वर्ष ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भारत सरकार द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम व चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।
- देविका (एम.एस.सी. भूगर्भ शास्त्र अंतिम वर्ष) ने प्रथम, रितिक (एम.एस.सी. भूगर्भ शास्त्र अंतिम वर्ष) ने द्वितीय, जतिन कुमार (एम.एस.सी.भूगर्भ शास्त्र अंतिम वर्ष) ने पांचवाँ स्थान प्राप्त किया।
- सोनम गर्ग (एम.एस.सी. प्राणी विज्ञान प्रथम वर्ष) ने JRF, आरती (एम.एससी. प्राणी विज्ञान अंतिम वर्ष) ने JRF, मांशी (एम.एससी. वनस्पति विज्ञान) ने JRF DEC. 2023 परीक्षा पास की।

## विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रनोत्तरी

महाविद्यालय में अंतर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन दिनांक 31–01–2024 को सफलतापूर्वक प्रभारी डॉ0 हवा सिंह भूगोल विभाग के दिशानिर्देश में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के वनस्पति विभाग एवं भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं दिनांक 05.02.2024 को हिसार में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता की। इसका सम्पूर्ण श्रेय डॉ0 हवा सिंह प्रभारी एवं विज्ञान विषयों के सभी शैक्षिक प्राध्यापकवृन्द को जाता है। ये सभी बधाई के पात्र हैं।

महाविद्यालय में जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 26 अक्टुबर, 2023 व दिनांक 11 अक्टबर, 2023 को जिला स्तरीय विज्ञान निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन प्रभारी डॉ. सतीश कुमार एसोसिएट

प्रोफेसर कम्प्यूटर विभाग द्वारा किया गया जिसमें 25 महाविद्यालय की टीमों के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया । इसके लिए डॉ० सतीश कुमार प्रभारी एवं टीम सदस्य बधाई के पात्र हैं।

## सांस्कृतिक गतिविधियां

व्यक्तित्व विकास के लिए पढ़ाई–लिखाई एक आधार प्रदान करती हैं, तो सहपाठय गतिविधियां एक पूरक तथा समानान्तर मंच उपलब्ध करवाती है।

महोदय, सांस्कृतिक क्षेत्र में हमारे विद्यार्थियों की सदा ही विशेष उपलब्धियां रही हैं। दिनांक 06–08 नवम्बर, 2023 को आयोजित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के युवा महोत्सव में हमारे महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया व 6 पुरुस्कार प्राप्त किये और महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

'विकसित भारत संकल्प' मिशन के तहत माह सितम्बर से नवम्बर 2023 तक छह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे 185 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

दिंनाक 9 फरवरी, 2024 को 'दोहान उत्सव' बडी धूम धाम से मनाया गया।

महोदय, सांस्कृतिक क्षेत्र में इन समस्त उपलब्धियों का श्रेय हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ० योगेश कुमार एवं डॉ. मीना कुमारी ऐसोसिएट प्रोफेसर हिन्दी, सांस्कृतिक गतिविधियों के संयोजक एवं सभी सांस्कृतिक गतिविधि कमेटी सदस्यों को दिया जाता है जो कि साल भर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करते रहे है। सभी प्राध्यापक बधाई के पात्र हैं।

## क्रीड़ा–जगत

महोदय, इस वर्ष खेलों के क्षेत्र में हमारे महाविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियां इस प्रकार रही –

हमारे महाविद्यालय की एथलैटिक्स, बाक्सिंग, क्रिकेट, शूटिंग, फुटबाल, चैस, फैंसिग, टेबल टेनिस तीरंदाजी, बास्केटबॉल, ताईक्वाडों, जुडों, कुश्ती, वुशु शतरंज आदि टीमों ने इंटर कॉलेज व इंटर यूनिवर्सिटी स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर की तरफ से दिनांक 22.09.2023 को तीरदांजी व जूडों की इंटर कालेज प्रतियोगिता का आयोजन हमारे महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें दो छात्रो ने तीरदांजी व 1 छात्र ने जूडो में इंटर यूनिर्वसिटी स्तर पर भाग लिया। छात्र देवेन्द्र बी0 ए0 तृतीय वर्ष ने राज्य स्तरीय द्वन्द्व प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

दिनाक 06–07 मार्च, 2024 को महाविद्यालय में 67वीं वार्षिक खेल–कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी सख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें छात्र विकास पुत्र सुरेन्द्र कुमार बी0 ए0 तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ छात्र खिलाड़ी तथा रीना पुत्री चिंरजीलाल बी0 एस0 सी0 तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ छात्रा खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया।

इन सभी गतिविधियों के संचालन में हमारे इतिहास के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० संजय तंवर महाविद्यालय खेल प्रभारी व डॉ0 कपिल देव का उल्लेखनीय योगदान रहा हैं।

महोदय, जिन्होंने वर्षभर इन खेलों के संचालन में अपनी सराहनीय भूमिका निभाई उनका तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकवृन्द, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सभी कर्मचारियों का भी इस आयोजन के सफल संचालन में सहयोग देने के लिए बहुत–बहुत धन्यवादी हूं।

## एन०सी०सी० – राष्ट्रीय कैडेट कोर

महोदय, महाविद्यालय में एन०सी०सी० की दो कम्पनी हैं। जिसमें 176 कैडेट्स हैं। एन०सी०सी० लड़को के विंग अधिकारी श्री भारत भूषण एवं महिला विंग की अधिकारी डॉ. मीना कुमारी है। एनसीसी के तत्वाधान में जो गतिविधियां चलाई गई उनका संक्षेप में विवरण निम्न प्रकार से है:–

1. स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर जिला स्तर व महाविद्यालय स्तर पर भाग लिया ।

2. तम्बाकू के सेवन पर रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

3. 21जून, 2023 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग के प्रचार–प्रसार के लिए एनसीसी कैडिट्स द्वारा अभियान चलाया गया।

4. जिला स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में एन०सी०सी० कैडिट्स ने भाग लिया।

## एन०एस०एस० – राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय में एन०एस०एस० की तीन यूनिट कार्यरत हैं। जिसमें दो यूनिट लड़कों एवं एक यूनिट लड़कियों की हैं। तीनों यूनिटों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र, डॉ० सत्यपाल सुलोदिया व डा0 पलक की देख–रेख में एन.एस.एस. बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है जिनका संक्षेप में विवरण निम्न प्रकार से है –

राजकीय महाविद्यालय नारनौल में एन.एस.एस. की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने गत वर्ष समाज सेवा और उत्थान से जुड़ी अनेक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वयं सेवकों ने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर, एडवेंचर कैंप और ट्रेकिंग कैंप में हिस्सा लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। डॉ. सुभाष के नेतृत्व मे छात्र कौशल शर्मा ने मकलोड गंज जिला कांगडा मे एडवेंचर कैंप में भाग लिया ।

कार्यक्रम अधिकारी डा0 पलक के नेतृत्व में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट 3 की छात्रा कुमारी अंशु यादव ने विश्वविद्यालय स्तर पर एन.एस.एस. अवार्ड जीतकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया और साथ ही फतेहाबाद में आयोजित प्री आरडी एनएसएस शिविर में भाग लेकर इतिहास रचा। इसके अतिरिक्त युवा संवाद का आयोजन किया गया जिसमे सभी ने 'पंच प्रण' पर अपने विचार रखे। एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा कारगिल विजय दिवस पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

एन.एस.एस. सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन पटीकरा गांव में किया गया जहा सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, योगाभ्यास, मतदाता

जागरूकता, नशा मुक्ति, कृमि उन्मूलन, पार्क और तालाब की साफ सफाई आदि गतिविधियां संचालित की गई। स्वयंसेवकों ने 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत कलश यात्रा निकाली और शहीदों को श्रद्धांजलि दी । इस एन.एस.एस. दौरान श्री अमित कुमार एसीस्टेंट प्रोफेसर द्वारा स्वयं सेवको को विभिन्न योग क्रियाओं से अवगत करवाय गया एवं डॉ. चन्द्रमोहन एसोसिएट प्रोफसर भूगोल द्वारा स्वयं सेवको को नशा मुक्ति तथा स्वस्थ्य दिनचर्या के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया ।

## महिला विकास–प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ महाविद्यालय की छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक करने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष भर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमे 10 दिवसीय सेल्फ डिफेंस और ताई क्वांडो ट्रेनिंग, मेहंदी प्रतिगोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता शामिल है। महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डा0 पलक एवं अन्य सदस्यों की देखरेख में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग के अंतर्गत महाविद्यालय की 200 से अधिक छात्राओं ने आत्मरक्षा के गुर सीखे। इसके अतिरिक्त 'पोषण पखवाड़ा' का आयोजन किया गया जिसमे मिलेट से बने उत्पादों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया और भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन धूम धाम से किया गया। छात्राओं को साइबर अपराधो के प्रति जागरूक किया गया । महाविद्यालय की छात्राओं की हाइट एवं वजन मापने की कार्यशाला का आयोजन भी महिला प्रकोष्ठ द्वारा किया गया ताकि छात्राओं को कुपोषण के प्रति जागरूक किया जा सके।

महाविद्यालय की छात्राओं ने डा0 गीता की अगुवाई में विश्वविद्यालय स्तर पर 'मिशन साहसी' में भी भाग लिया ।

कार्य स्थल पर महिलाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों की रोकथाम हेतु एक रैली का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर

व बैनर की मदद से लोगों को जागरूक किया गया। इन सभी गतिविधियों के आयोजन का श्रेय महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पलक सहायक प्रोफेसर कम्प्यूटर विज्ञान एवं सभी टीम सदस्यो को जाता है । सभी बधाई के पात्र हैं ।

## कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

राजकीय महाविद्यालय, नारनौल में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्राचार्य महोदया के कुशल नेतृत्व में प्रभारी प्रोफेसर महेन्द्र सिंह गुदगिल की देख–रेख में कार्य कर रहा है। वर्तमान सत्र 2023–24 में प्रकोष्ठ के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे प्रतियोगितायें, सेमिनार, कैम्प इत्यादि का आयोजन किया गया ताकि युवा विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न विषयों के बारे में जागरुक किया जा सके। इसके अलावा जिला युवा संसद का आयोजन दिनांक 28–02–2024 को किया गया जिसके सफलतापूर्वक आयोजन का सम्पर्ण श्रेय कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह गुदगिल एवं टीम सदस्यो को जाता है ।

## रोजगार – परामर्श–प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ने के साथ–साथ कैरियर गाईडैन्स के लिए रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ निरन्तर गत वर्षो की भांति डॉ0 सुधीर कुमार सहायक प्राध्यापक की देखरेख में बखूबी कार्य कर रहा हैं।

सत्र 2023–24 के दौरान प्रकोष्ठ की तरफ से बहुत सारी गतिविधियाँ करवाई गई ताकि विद्यार्थी उचित रोजगार प्राप्त कर सके।

दिनांक 3 नवम्बर, 2023 को 'कैरियर गाईडैन्स' विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 पवन कुमार शर्मा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चरखी दादरी रहे।

अन्य विस्तार व्याख्यान का आयोजन दिनांक 7 फरवरी, 2024 को 'साक्षात्कार' विषय पर किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 संजय जोशी, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ थे।

महाविद्यालय के 72 छात्र–छात्राओं ने डॉ0 सुधीर कुमार के नेतृत्व में गुरूग्राम जोनल रोजगार मेले में शामिल हुए जिसका आयोजन 9 फरवरी, 2024

को राजकीय कन्या महाविद्यालय सैक्टर 14 गुरुग्राम में हुआ व वहां से लाभान्वित हो कर आए। विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों बारे सूचना देने एवं अध्ययन सामग्री के रूप में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से सम्बन्धित पुस्तके, पत्रिकाएं वर्ष भर उपलब्ध करवाई जाती हैं। इस अथक परिश्रम एवं समर्पित रूप से कार्य करने के लिए प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुधीर कुमार व सभी टीम सदस्य बहुत –बहुत बधाई के पात्र हैं ।

## शैक्षणिक भ्रमण

महोदय, समय–समय पर विद्यार्थियों को अपने विषय से सम्बन्धित ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, व्यावहारिक व प्रत्यक्ष जानकारी देने के लिए मान्यवर उच्चतर शिक्षा आयुक्त हरियाणा द्वारा प्राप्त अनुदान से हर वर्ष महाविद्यालय की ओर से छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है। महोदय, महाविद्यालय के छात्रों ने डॉ0 अनीश यादव के मार्ग दर्शन में 10 फरवरी,2024 में सरिस्का अभ्यारण्य का भ्रमण किया व जीव–जंतुओं तथा विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों से परिचित हुए।

## वित्तीय सहायता (2023–24)

छात्र–कल्याणकारी एवं जनतांत्रिक सरकार द्वारा समय–समय पर प्राप्त निर्देशों के अन्तर्गत इस वर्ष हमारे महाविद्यालय द्वारा विभिन्न वर्गों को दी गई आर्थिक सहायताओं व सुविधाओं का वर्णन इस प्रकार है।

| क्रमांक | छात्र जिस वर्ग से सम्बन्धि हैं | छात्रों की | कुल राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कन्सोलिडेटिड स्कीम फार एस0सी0 स्टूडैटंस | 369 | 4986000/- |
| 2 | पिछडी श्रेणी छात्रवृत्ति | 77 | 616000/- |
| | कुल राशि | | 5602000/- |

छात्रवृत्ति प्रभारी डॉ. सुधीर कुमार, श्री प्रवीण गोरैया व सतीश कुमार एल.ए. अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा से करते हैं ।

## ट्यूटोरियल–समूह

महोदय, महाविद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे समस्त विद्यार्थियों को 35–35 विद्यार्थियों के 98 समूहों में बांटा गया है। प्रत्येक समूह का प्रभारी प्राध्यापक अपने विद्यार्थियों की समस्त शैक्षणिक व अन्य समस्याओं के समुचित समाधान के लिए तत्पर रहते है।

प्रत्येक शनिवार को ट्यूटोरियल ग्रुप की मीटिंग होती है जिसमें छात्र–छात्राओं की समस्याओं का समाधान किया जाता है। डा. जगजीत सिंह मोर इसके प्रभारी हैं, उनकी देखरेख में यह कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

## रेड कॉस/रेड रिब्बन कलब

महाविद्यालय में रेड क्रास प्रकोष्ठ और रेड रिब्बन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्र मोहन के दिशानिर्देशों में लगातार महाविद्यालय ऊचाँईयाँ को छु रहा है। उनके द्वारा विद्यार्थियों में समानता, सहयोग, सुरक्षा एवं मित्रता का पाठ पढ़ाया है। इन प्रकोष्ठो के तहत समय–समय पर महाविद्यालय में गतिविधियां आयोजित की जाती है तथा रेड क्रास/रेड रिब्बन क्लब के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं जिला स्तर एवं राज्य स्तर ओर राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं और शिविरों में हिस्सा लेने गये व राष्ट्र और राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं में 2023–24 में प्रथम स्थान प्राप्त कर ऑल ऑवर ट्रॉफी पर कब्जा कर महाविद्यालय ओर जिले का नाम रोशन किया।

महाविद्यालय में रेड क्रास के सौजन्य से समय–समय पर रक्तदान शिविरों को आयोजन किया जाता है। साथ ही साथ अन्तराष्ट्रीय युवा दिवस, अन्तराष्ट्रीय स्वास्थ्य और अन्तराष्ट्रीय एड्स दिवस व पखवाडा मनाया गया जिसके तहत अनेक प्रकार की गतिविधियाँ करवाई गई तथा जागरूकता अभियान चलाए गये जिसमें नशामुक्ति, नारी सशक्तिकरण, बेटी पढाओं बेटी बचाओं, पौधा रोपण, सड़क सुरक्षा और सही पोषण देश रोशन, साइबर सुरक्षा आदि अनेक गतिविधियाँ करवाई गई इसके अलावा डॉ0 चन्द्र मोहन के दिशानिर्देशों में योग क्लब द्वारा

विद्यार्थियों को योग शिक्षा और अन्तराष्ट्रीय योग पखवाड़ा के उपलक्ष पर अनेक प्रकार की योग शिक्षा पर जागरूक किया गया। इन सभी गतिविधियों के सफल आयोजन का श्रेय डॉ. चन्द्रमोहन एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग को जाता है ।

## महाविद्यालय पत्रिका 'त्रिधारा'

महाविद्यालय छात्र एवं छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित व विकसित करने के लिये एक वार्षिक पत्रिका त्रिधारा का प्रकाशन करता है। अभिव्यक्ति की शक्ति ही व्यक्ति को पशु से अलग करती है। भावोच्छ्वास के मुहुर्त में जब संवेदनाएं लोकमंगल के लिए अभिव्यक्ति पाने के लिए छटपटाती हों, तो मानवता धन्य हो जाती है, मां सरस्वती निहाल हो जाती है। इसी अभिव्यक्ति के लिखित प्रशिक्षण के प्रति समर्पित है, हमारी महाविद्यालय पत्रिका– "त्रिधारा"। इस का सम्पादक मण्डल इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| मुख्य संपादक | डॉ. नरेश कुमार |
| हिन्दी संकाय | डॉ. मीना कुमारी |
| अंग्रेजी– संकाय | डॉ. सुधीर कुमार |
| वाणिज्य संकाय | डॉ. अनीश यादव |
| विज्ञान संकाय | डॉ. सोनू जागलान |
| कम्प्युटर विज्ञान संकाय | डॉ. सतीश कुमार |
| संस्कृत संकाय | डॉ. आशीष कुमार |

## पुस्तकालय

**महोदय,** महाविद्यालय का पुस्तकालय सभी सुविधाओं से सुसज्जित दो तल के भव्य भवन में स्थापित हैं, जिसमें एक सुन्दर वाचनालय की व्यवस्था है।

महोदय, इस पुस्तकालय में 57287 पुस्तकें है इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन व अपने विषय की आधुनिकतम व अन्य सामान्य जानकारी प्राप्त करने के लिए अनेक दैनिक समाचारपत्र व पत्रिकाएं महाविद्यालय के पुस्तकालय में आते

हैं। इस सत्र में निदेशालय की तरफ की अनुदान राशि की प्राप्ती हुई व हमारे महाविद्यालय के छात्रछात्राएं लाभांवित हुए।

श्री सुबेसिंह व श्री संदीप Library Attendent के पद पर पुस्तकालय में कार्यरत हैं व वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष का पद रिक्त है।

## समाचार–सम्प्रेषण

महाविद्यालय व छात्रों की शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेल विषयक एवं महाविद्यालय से सम्बन्धित अन्य उपलब्धियों से सम्बद्ध समाचार सम्प्रेषण का दायित्व प्रकाशन प्रभारी डॉ. चन्द्रमोहन पूरे लग्न व निष्ठा से वहन कर रहे हैं। इनके प्रयत्न से ही महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि समाचार पत्रों में यथा समय स्थान पाती है।

## इंगलिश लैंग्वेज लैब

महोदय, महाविद्यालय में इंगलिश लैंग्वेज लैब स्थापित की गई है जिसमें एक साथ 52 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने की व्यवस्था है। अंग्रेजी भाषा बोलने का उच्चारण प्रोन्नत करने के लिए इस प्रयोगशाला के माध्यम से दृष्य व श्रव्य उपकरण उपलब्ध है। जिसमें प्राध्यापकों व विशेषज्ञों द्वारा यथोचित उच्चारण व उचित ढंग से अंग्रेजी बोलने की शिक्षा दी जाती है। श्रीमती मंजू यादव इसके प्रभारी हैं। 26 कम्प्यूटर इस कार्य के लिए लगाए गए हैं व यह लैब सोफ्ट स्किल्स की पूरक है।

## गणित प्रयोगशाला

मान्यवर, महाविद्यालय में एक गणित लैब को भी स्थापित किया गया है जिसमें 21 कम्प्युटर हैं। सभी गणित प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को गणित विषय के गुर सिखाये जाते हैं। इसके सफल संचालन का श्रेय गणित विभाग के सभी प्राध्यापको को जाता है जो बधाई के पात्र है ।

## कम्प्युटर प्रयोगशाला

महोदय, महाविद्यालय में छह कम्प्यूटर सुसज्जित प्रयोगशाला है जिनमें से एक प्रयोगशाला उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत हो चुकी है। कम्प्युटर प्रयोगशाला में 250 कम्प्युटर हैं जिनसे महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी लाभान्वित हों रहे हैं। डॉ. सतीश कुमार एसोसिएट प्रोफेसर कम्प्यूटर विज्ञान के कुशल नेतृत्व में, सभी कम्प्यूटर विज्ञान प्राध्यापक व श्री गजराज, श्री मनोज कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थी कम्प्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं ।

## आभार प्रदर्शन

मैं, आभार प्रदर्शन के क्रम में सर्वप्रथम माननीय श्री बंडारू दत्तात्रेय राज्यपाल हरियाणा, माननीय मुख्य मंत्री श्री नायब सिंह सैनी हरियाणा सरकार व माननीय शिक्षा मंत्री श्रीमती सीमा त्रिखा, हरियाणा सरकार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना अपना कर्तव्य मानती हूँ जिनके कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में हरियाणा शिक्षा के क्षेत्र में नए–नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा हैं।

मैं, श्री विनीत गर्ग आइ.ए.एस., अतरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार, श्री राजीव रतन, आइ.ए.एस., महानिदेशक, उच्च्तर शिक्षा हरियाणा, पंचकूला के प्रति आभार व्यक्त करती हूं जिनका निर्देशन व सहयोग हमारा मार्ग दर्शन करता रहता है ।

मैं, इन्दिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर–रेवाडी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जे.पी. यादव, के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करती हूं जो विश्वविद्यालय सम्बन्धी कार्यों में हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

मैं, श्रीमती मोनिका गुप्ता, आई.ए.एस., उपायुक्त, जिला महेन्द्रगढ़ व जिले के अन्य उच्च अधिकारियों के कृपापूर्ण सहयोग को भी अत्यन्त विनम्र भाव से स्वीकार करती हूँ।

मैं, श्री अर्श वर्मा, पुलिस अधीक्षक, जिला महेन्द्रगढ़ तथा अन्य पुलिस अधिकारियों से यथासमय मिलने वाली सहायता के प्रति कृत्ज्ञता ज्ञापित करती हूं।

मैं, जिला महेन्द्रगढ़ में स्थित महाविद्यालय के सभी प्राचार्यों, जिला अधिकारियों, विभागाध्यक्षों के सहयोग को भी साभार स्वीकार करती हूं।

महाविद्यालय प्राचार्य के कुशल नेतृत्व में व *NAAC* प्रभारी डॉ. सतीश कुमार एसोसिएट प्रोफेसर कम्प्यूटर विज्ञान के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक *NAAC* सम्बन्धित कार्य समय पर करने पर सभी टीम सदस्य बधाई के पात्र हैं ।

मैं, महाविद्यालय के सभी Subject Society के प्रभारियों व टीम सदस्यों द्वारा वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों के सफलतापूर्वक आयोजन में पूर्ण सहयोग के लिए आभारी हूँ ।

मैं, विभिन्न गतिविधियों के प्रभारियों, कार्यालय स्टॉफ, विभिन्न प्रयोगशालाओं में कर्मचारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बंधुओं का भी पूर्ण सहयोग के लिए बहुत ही धन्यवादी हूं।

मैं वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने वाली सम्पूर्ण टीम का धन्यवाद करती हूँ जिन्होनें पूर्ण निष्ठा एवं अथक प्रयासों से इसे सम्पूर्ण किया।

युवा वर्ग देश का उज्ज्वल भविष्य है। इन युवाओं का कदम–कदम पर मार्ग दर्शन करना, निरन्तर अग्रसर होने की आत्मविश्वासयुक्त भावना भरना हमारा कर्तव्य है। हम यह कार्य लगातार करते रहे और कभी भी प्रमद के वशीभूत न हो, यहीं कामना और सही विश्वास है।

जय हिन्द।